आकाशवाणी केन्द्र शिमला

19.06.2026 / 11:00बजे

प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री–विकसित भारत

प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के सफल कार्यान्वयन पर केंद्र सरकार द्वारा आज राष्ट्रीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली में डीबीटी के जरिए 15 लाख से अधिक लाभार्थियों को करीब 2 हजार 4 सौ करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि वितरित करेंगे। अगस्त 2025 से शुरू हुई इस योजना के तहत अब तक देश भर में 63 लाख से अधिक कर्मचारियों को औपचारिक कार्य बल में शामिल किया गया है जिसमें लगभग 30 प्रतिशत महिलाएं हैं।

राज्यस्तरीय कार्यक्रम आज केंद्रीय आलू अनुसंधान केंद्र शिमला में आयोजित किया जाएगा जहां प्रदेश के 6 हजार 99वें लाभार्थियों को 12 करोड़ रुपये से अधिक राशि वितरित की जाएगी। विस्तृत ब्यौरे के साथ समाचार कक्ष से हमारी सहयोगी

प्रधानमंत्री विकसित भारत रोज़गार योजना के तहत राज्य स्तरीय कार्यक्रम आज शिमला स्थित केंद्रीय आलू अनुसंधान केंद्र में आयोजित हो रहा है जिसकी अध्यक्षता श्रम व उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान करेंगे। कार्यक्रम में हिमाचल के 6 हजार 99 लाभार्थियों को 12 करोड़ से अधिक की राशि डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर के जरिए प्राप्त होगी। पीएम विकसित भारत रोजगार योजना का मकसद औपचारिक रोज़गार बढ़ाना और पहली बार नौकरी पाने वाले युवाओं को मदद देना है। योजना के तहत पात्र कर्मचारियों को 6 महीने बाद एक महीने का वेतन, अधिकतम 15 हजार तक और 12 महीने व वित्तीय साक्षरता पूरी करने पर दूसरी किस्त मिलती है वहीं नियोक्ताओं को हर अतिरिक्त कर्मचारी पर 2 साल तक 3 हजार रूपए प्रति माह दिया जाता है। योजना के तहत दो साल में देश में साढ़े तीन करोड़ नौकरियां उपलब्ध करवाने का लक्ष्य है।

पीएम किसान किश्त

इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के तारकेश्वर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि .पीएम–किसान योजना की 23वीं किस्त जारी करेंगे। कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने बताया है कि देशभर में 94 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में सीधे 18 हजार 880 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी की जाएगी। इस किस्त से 2 करोड़ 18 लाख से अधिक महिला किसानों को भी लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं के साथ आयुष चिकित्सा पद्धतियों का समन्वय कर समग्र व एकीकृत स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। धर्मशाला में एकीकृत आयुष अस्पताल के शिलान्यास अवसर पर उन्होंने कहा कि इस नए अस्पताल के निर्माण से क्षेत्र में स्वास्थ्य अधोसंरचना को मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके अलावा लोगों को आयुष चिकित्सा पद्धतियों से युक्त एकीकृत स्वास्थ्य सेवाएं अधिक सुगमता से उपलब्ध हो सकेंगी।

चेतन बरागटा

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा ने प्रदेश सरकार से मंडी मध्यस्थता योजना के तहत एक बागवान से केवल 100 बोरी सेब खरीदने के निर्णय को जल्द वापस लेने की मांग की है। इनका कहना है कि मौसम की मार और विभिन्न बीमारियों के चलते बी ग्रेड सेब की मात्रा में हर वर्ष लगातार बढ़ौत्तरी हो रही है और बागवान ऐसे सेबों की बिक्री के लिए एचपीएमसी पर ही पूर्णतया निर्भर है। ऐसे में 100 बोरी की लिमिट लगाना बागवानों के लिए एक बड़ी परेशानी बन जाएगी।

सर्व शिक्षा अभियान

चंबा जिले में सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत संचालित सरकारी स्कूलों के सोशल ऑडिट के तहत कई महत्वपूर्ण जानकारियां और कमियां उजागर हुई हैं। यह ऑडिट प्रदेश विश्वविद्यालय की एक टीम द्वारा जिला के 20 प्रतिशत स्कूलों में किया गया था। ऑडिट की रिपोर्ट में सामने आए तथ्यों को चंबा में आयोजित एक जन सुनवाई के दौरान सार्वजनिक किया गया।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकतर क्षेत्रों में आज हल्के बादल छाए हुए हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार बीते 24 घंटों में राज्य में न्यूनतम तापमान सामान्य से 2 से 3 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किए गए हैं। जबकि अधिकतम तापमान भी 2 से 6 डिग्री तक सामान्य से कम चल रहे हैं। विभाग ने आज राज्य के कई क्षेत्रों में बारिश के साथ तूफान आने और तेज हवाएं चलने का यलो अलर्ट जारी किया है जबकि मध्यम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में ओलावृष्टि की भी संभावना जताई है। विभाग के अनुसार 22 जून तक राज्य में कहीं–कहीं बारिश का क्रम जारी रहेगा।